राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल श्री बागडे की बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने 77वें गणतंत्र दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। उन्होंने गणतंत्र दिवस को लोकतंत्र का राष्ट्रीय पर्व बताते हुए कहा कि इस दिन हमें 'विकसित भारत' के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस पर विविधता में एकता की भारतीय संस्कृति के संरक्षण और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को सक्रिय भागीदारी निभाने का भी आह्वान किया है।

————

राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह जयपुर में

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे सोमवार 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में प्रातः 9.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। इससे पहले प्रातः 8.45 बजे लोकभवन में राज्यपाल श्री बागडे झण्डा फहरायेंगे। राज्यपाल श्री बागडे अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।

——

दूरदर्शन और आकाशवाणी से गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल का राज्य के नाम संदेश प्रसारित होगा

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे का गणतंत्र दिवस पर सोमवार को दूरदर्शन और आकाशवाणी से प्रदेश के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा।

दूरदर्शन, राजस्थान द्वारा यह प्रसारण 26 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे और आकाशवाणी द्वारा प्रातः 9 बजकर 10 मिनट पर किया जाएगा।

———